




नवभारत

भोपाल, बुधवार ,07 जनवरी, 2026


एक नजर में



### विधिक साक्षरता शिविर में समझाई डिजीटल प्रणाली

**आष्टा.** तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष द्वितीय जिला विजय डांगी के मार्गदर्शन में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती ऋचा शर्मा द्वारा शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में श्रीमती शर्मा द्वारा बालिकाओं को सायबर सुरक्षा के विषय में जानकारी दी गई. उन्होंने बताया कि जिस गति से डिजीटल दुनिया का विस्तार हुआ है उसने हमारे जीवन को आसान तो बनाया है परंतु इसके साथ ही नए प्रकार के खतरों को भी जन्म दिया है. जिनसे हमें सतर्क रहना रहना चाहिए. शिविर में शिक्षकगण, छात्राएं उपस्थित रहीं.




### नप ने महाअभियान के तहत की सड़कों व नालियों की सफाई

**बुधनी.** नगर परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को चलाए जा रहे स्वच्छता महा अभियान के दौरान वार्ड 11 बेरखेड़ी में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया .नप अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं सीएमओ संतोष रघुवंशी के निर्देशानुसार वार्ड की सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई कराई गई. साथ ही नर्मदा घाट की सफाई की गई .सफाई कार्य में नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं सहयोगी संस्था फीट बेक फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट के कर्मचारियों ने श्रमदान किया. नगर परिषद द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता अभियान में सहयोग करें तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें.



### ग्रामीणों ने की मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाने की मांग

**जावर.** ग्राम उरली के ग्रामीणों ने मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाने के लिए जनसुनवाई में गुहार लगाई है. ग्रामीणों ने बताया कि बाबा रामदेव का मंदिरके लिए ग्राम पंचायत द्वारा जमीन दी है. मंदिर की जगह पर गांव के दबंग ने कब्जा कर रखा है. मंदिर समिति द्वारा अतिक्रमण का विरोध करने पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है. बीते दिनों जावर नायब तहसीलदार और पटवारी ने अतिक्रमणकारी को बेदखल कर कब्जा समिति को सौंप दिया था. इसके बाद फिर से अतिक्रमणकारी ने मंदिर परिसर में तार फेंसिंग करा दी. अतिक्रमण हटाने की मांग करने वालों में बसपा नेता अनोखीलाल मालवीय, मेहरबान सिंह, मानसिंह, पूरन सिंह, सुरेंद्र सिंह, धमेंद्र सिंह, लाड़ सिंह, अर्जुन सिंह, हरनाथ सिंह, रंजीत सिंह, जगन्नाथ सिंह, जीवन सिंह, सिद्दूलाल, राजेंद्र सिंह आदि ग्रामीण शामिल थे.



### मंदिर में जाने से पूर्व अंहकार को बाहर छोड़ें : गोविंद जाने

**आष्टा.** नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवे दिन कथा व्यास गोविन्द जाने गुरुदेव ने अपने अमृत वचनों से श्रद्धालुओं को जीवन में प्रेम, सद्गुण और संस्कार अपनाने का संदेश दिया .गुरुदेव ने कहा कि जब भी मंदिर जाएं तो अपने भीतर के क्रोध, मोह और अहंकार को शरीर रूपी घाट के बाहर छोड़कर जाएं. अहंकार से बनी दोस्ती अधिक समय तक नहीं टिकती, जबकि प्रेमभाव से बनी मित्रता सदा बनी रहती है. इस अवसर पर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक चिंतामणि मालवीय, देवनखेड़ी सरकार, अनार सिंह पड़ियार, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, पूर्व विधायक रघुनाथ मालवीय, रूपेश राठौर, संयोजक मनोज नागर, जगदीश चौहान, बंटी मेवाड़ा, तेज सिंह राठौर, चेतन ठाकुर, जुगल पटेल, राजा मेवाड़ा, नानूराम मेवाड़ा, शैलेंद्र राजपूत, चेतन वर्मा, चंदर ठेकेदार, जितेंद्र सितोलिया, धीरज पटेल, रघुवीर चौहान, मयूर नागर, संध्या बजाज, भगवती सोनी, मंजू राठौर, भगवत सिंह मेवाड़ा आदि मौजूद थे.




### जनसुनवाई में 38 आवेदकों ने बताईं समस्याएं

**सीहोर.** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिले भर से आए 38 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. इसके अलावा जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

# फिल्मी अंदाज में दुकान में तोड़फोड़ व मारपीट

## एक दर्जन से अधिक युवकों ने दिन-दहाड़े बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में की तोड़फोड़, दो घायल



**सीहोर.** दुकान में तोड़फोड़ की घटना के बाद भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई थी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 06 जनवरी. मंगलवार की दोपहर लगभग 12 बजे बस स्टैंड के समीप गीता भवन के पास बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर की दुकान में लगभग एक दर्जन अज्ञात लोगों ने घुसकर तोड़फोड़ कर दी और दुकान संचालक के अलावा एक ग्राहक के साथ भी मारपीट करते हुए फरार हो गए. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.**

- बस स्टैंड स्थित गीता भवन के पास दुकान में तोड़फोड़
- दुकान संचालक सहित एक ग्राहक को आईं गंभीर चोटें

जानकारी के अनुसार आराकश मोहल्ला निवासी अजय दिनकर की बस स्टैंड पर गीता भवन के समीप बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है. बताया जाता है कि दोपहर 12 बजे दुकान पर अजय के बड़े भाई दिनेश दिनकर बैठे थे तभी अचानक वहां एक दर्जन युवक आ धमके. उन्होंने आते ही दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी. इस दौरान जब दिनेश दिनकर ने उन्हें रोकना चाहा तो युवकों ने उन्हें भी जमकर मारा. युवकों ने दुकान के कांच तोड़ दिए और सामान सड़क पर फैंक दिया. इस दौरान वहां पर सीमेंट खरीदने आए युवक नीतिन धीमान ने युवकों को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने उसके साथ भी जमकर मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया. घटना को अंजाम देने के बाद सभी युवक वहां से भाग निकले. इस दौरान वहां अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश प्रारंभ कर दी है. घटना के बाद वहां के अन्य दुकानदारों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है. उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है.

### रात को विवाद ने लिया था जन्म

बताया जाता है कि बीती रात अजय दिनकर का 20 वर्षीय पुत्र सार्थक दुकान बंद कर घर जा रहा था तभी वहां एक कार आकर रूकी. कार में सवार युवक नशे में थे और वह दुकान की शटर के पास लघुशंका करने लगे. सार्थक ने उन्हें मना किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करते हुए उसका मोबाइल छीनकर फैंक दिया था. इस मामले में सार्थक ने रात में ही आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज करा दिया था. इसी बात को लेकर आरोपियों ने अगले दिन मंगलवार को दुकान में तोड़फोड़ की वारदात को अंजाम दिया. मामले में थाना प्रभारी रविन्द्र यादव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है.

### अज्ञात कारणों के चलते फांसी पर झूला युवक

**सीहोर.** थाना कोतवाली अंतर्गत कोली मोहल्ला गंज निवासी 32 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा है. जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली अंतर्गत कोली मोहल्ला निवासी सुरेश शाक्य के 32 वर्षीय पुत्र अंकित ने मंगलवार की सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बताया जाता है कि मृतक का लगभग दस साल पूर्व रेल दुर्घटना में एक पैर कट गया था. तब से ही वह घर पर रहता था. कुछ दिन उसने ऑटो भी चलाया था. मंगलवार की सुबह चाय पीने के बाद अपनी मां से सोने का कहकर कमरे में चला गया था. दोपहर लगभग 12.30 बजे उसकी मां ने खिड़की से झांककर देखा तो वह फांसी के फंदे पर झूल रहा था. सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. परिजनों का कहना है कि पैर कटने के बाद से वह काफी हताश रहने लगा था. वह अक्सर अपने मरने की बात परिजनों से करता रहता था.

## किसानों ने की सीमांकन कराने की मांग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 06 जनवरी.** पूर्व जिला पंचायत सदस्य एड. दिनेश सिलोरिया ने आष्टा तहसील के ग्राम बापचा बरामद के ग्रामीणों के साथ ज्ञापन सौंपा.



ज्ञापन में बताया ग्राम बापचा बरामद में ग्रामीणों को शासकीय पट्टे दिए गए थे. पट्टा धारक भूमि स्वामियों को पूर्व में शासन द्वारा कब्जा दिया गया था. किन्तु कुछ किसानों के पास पट्टा तो है परन्तु भूमि ही नहीं है उन किसानों को प्रभावशाली पट्टे धारियों से जिनके द्वारा पट्टे से अधिक भूमि पर कब्जा किया हुआ है, ऐसे पट्टे धारियों से भूमि वापस ली जाए और जिनके पास कब्जा नहीं है, पट्टा है उन्हें भूमि दिलाई जाए. किसानों द्वारा पूर्व में भी सीमांकन के लिए आवेदन दिए हैं, परन्तु सीमांकन के अभाव में इन्हें वास्तविक भूमि नहीं मिली सकी है. किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि सीमांकन कराकर किसानों को वास्तविक भूमि दिलाई जाए.

### दो बेटियों का हुआ स्टेट प्रतियोगिता में चयन

**सीहोर.** रीवा में होने वाली स्टेट फुटबाल प्रतियोगिता में शहर की दो बेटियों का चयन किया गया है. दोनों खिलाड़ियों को जिला फुटबाल एसोसिएशन के खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने रवाना किया. कॉलेज की फुटबॉल खिलाड़ी मुस्कान मांझी और दिशा गौर स्टेट प्रतियोगिता के लिए चुनी गई हैं. भोपाल बरकतुल्लाह टीम से प्रतिनिधित्व करने रवाना हुई है. जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मुस्कान और दिशा गौर स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता खेलेंगी.

## विकास कार्यों को लेकर सीएम से मिले राय

- मेट्रोपॉलिटन सिटी प्रोजेक्ट में करेंगे पूरा सहयोग
- जनता के हितों को सर्वोपरि रखने का दिया आश्वासन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 06 जनवरी.** मंगलवार को विकास कार्यों को लेकर विधायक सुदेश राय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से चर्चा की.

विधायक सुदेश राय ने कहा कि मेट्रोपॉलिटन सिटी प्रोजेक्ट में पूरा सहयोग करेंगे और जनता के हितों को भी सर्वोपरि रखते हुए विकास कार्यों पर फोकस करेंगे. विधायक राय ने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की.उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के शहर सहित श्यामपुर, दोराहा, अहमदपुर, चरनाल सहित ग्राम पंचायतों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, अधूरे विकास कार्यों को पूर्ण करने एवं नई योजनाओं को गति देने को लेकर सीएम डॉ. यादव से मार्गदर्शन प्राप्त किया.



## संगठन ने छात्रों के साथ लगाया एक पेड़ भविष्य के नाम

- एनएसयूआई व छात्रों ने किया कॉलेज परिसर में पौधरोपण
- आगामी 15 जनवरी तक जिले भर में चलाएंगे अभियान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 06 जनवरी.** मंगलवार को एनएसयूआई प्रदेश सचिव हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में पीजी कॉलेज में एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया.

इस अवसर पर एनएसयूआई प्रदेश सचिव हरिओम सिसोदिया ने कहा कि आज वृक्ष कटाई कॉर्पोरेट हितों को प्राथमिकता और लगातार हो रहे पर्यावरण विनाश के कारण आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गंभीर संकट में है, ऐसी हालत में नई जनरेशन को पर्यावरण संरक्षण के लिए हस्तक्षेप करना समय की आवश्यकता बन गया है. उन्होंने बताया 15 जनवरी तक प्रदेश के प्रत्येक विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर सार्वजनिक शैक्षणिक परिसरों में एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.



इस मौके पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, छात्र नेता यश यादव, तनिश त्यागी, रूपेश मालवीय, दिव्यांश मालवीय, दीपक बिरगोदिया, विष्णु, कपिल, विवेक, रजत, तनीषा, रिंकी, जिनाया, रीता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### कोहरे के चलते हाईवे पर अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग

नवभारत न्यूज

**अमलाहा 06 जनवरी.** देवास-भोपाल हाईवे पर घने कोहरे के कारण सड़क हादसों की आशंका को देखते हुए मार्ग प्रबंधन द्वारा रूट पेट्रोलिंग टीमों व फॉग लाइट से लैस एटेनेयूएटर वाहनों की तैनाती की गई है.

मार्ग संचालक कंपनी ने कोहरे के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अतिरिक्त पेट्रोलिंग वाहन, चौबीस निगरानी व्यवस्था तथा त्वरित सहायता तंत्र को सक्रिय किया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मदद उपलब्ध कराई जा सके. विशेष रूप से दुर्घटना संभावित स्थलों पर एटेनेयूएटर वाहनों की तैनाती से टकराव की स्थिति में जान-माल की क्षति को कम करने का प्रयास किया जा रहा है. मार्ग प्रबंधन का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा प्राथमिकता है. कोहरे जैसे प्रतिकूल मौसम में अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग, निगरानी एवं जागरूकता अभियान के माध्यम से दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करने का प्रयास किया जा रहा है. देवास-भोपाल कॉरिडोर पर यह पहल निजी सहभागिता के तहत संचालित सड़कों पर बेहतर प्रबंधन, त्वरित निर्णय क्षमता और सड़क सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का एक उदाहरण मानी जा रही है.

### नीलबढ़ में फिर तेंदुए की मौजूदगी से दहशत

नवभारत न्यूज

**सीहोर 06 जनवरी.** समीपस्थ इछावर तहसील के ग्राम नीलबढ़ में जिले के इछावर क्षेत्र के नीलबड़ गांव में सोमवार देर रात एक तेंदुआ देखा गया. ग्रामीणों ने खेत पर तेंदुए को घूमते हुए देखा, जिससे उनमें डर का माहौल है. उन्होंने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी.

जानकारी के अनुसार कुछ दिन बाद एक बार फिर गांव में तेंदुए की मौजूदगी देखी गई. कुछ ग्रामीणों ने तेंदुए का मोबाइल फोन से वीडियो भी बनाया. इन दिनों किसान खेती-किसानी के काम से लगातार खेतों पर जा रहे हैं, ऐसे में तेंदुए का दिखना उनकी चिंता का कारण बन गया है.

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी जिले के अहमदपुर वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में तेंदुए का मूवमेंट देखा जा चुका है. अब तक फंदा, कोलूखेड़ी, जेतला और भैरूपुरा सहित पांच गांवों में तेंदुआ नजर आ चुका है. ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तेंदुए की लगातार मौजूदगी के बावजूद वन विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है. ग्रामीणों में चिंता है कि विभाग किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है.

## क्षत्रिय समाज ने ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की

नवभारत न्यूज

**सीहोर 06 जनवरी.** राजपूत समाज ने एएसपी सुनीता रावत को हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन में बताया कि समाज के रिटायर्ड रैंजर विजय सिंह तोमर के पुत्र अभिषेक सिंह लल्लू की 2,3 अक्टूबर को दशहरे त्यौहार पर भोपाल-इन्दौर हाईवे शिवशंकर ढाबे के पास लल्लू की लाश पाई गई थी, जिससे हत्या का प्रकरण प्रतीत होता है. इस संबंध में उनके पिता द्वारा पुलिस को हत्या बताते हुए शिकायत दर्ज कराई थी. परन्तु तीन माह बाद भी प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं होने से सर्व क्षत्रिय राजपूत समाज ने मांग की है कि शोकाकुल परिवार के लिए उक्त प्रकरण में निष्पक्ष जांच कराई जाए. एसपी द्वारा संवेदना व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच व जांच अधिकारी से कराने का आश्वासन दिया. ज्ञापन सौंपने वालों में मृतक के पिता विजय सिंह तोमर, विवेक, अनुज, डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़, गणेश सिंह चौहान, धीरेन्द्र सिंह राजावत, जितेन्द्र सिंह राठौड़, मुकेश दरबार, शिवशंकर सिंह, इन्द्र पाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह चंदेल, आनन्द सिंह, गोपाल सिंह ठाकुर, राजू सिकरवार, राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, किशोर सिंह, ईश्वर सिंह चौहान, अक्षय राज सिंह, उपेन्द्रसिंह सिसौदिया, भारत सिंह देवड़ा आदि शामिल थे.



**निरीक्षण** नपा अध्यक्ष, प्रतिनिधि एवं पार्षदों ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

## सौंदर्यीकरण के बाद कमल तालाब बनेगा शहर का आकर्षण

नवभारत न्यूज

**आष्टा 06 जनवरी.** नपा द्वारा नगर की प्राचीन धरोहर खेड़ापति कमल तालाब को संवारने का कार्य जारी है. सौंदर्यीकरण कार्य के साथ-साथ रोड़ चौड़ीकरण, पेबर्स स्थापन कार्य, रेलिंग का कार्य प्रगति पर है. घाट रेनोवेशन, आरसीसी ड्रेन, डेकोरेटिव छतरी, घाट एवं सुरक्षा के लिए तार की जाली का कार्य किया जाना है.

निर्माणाधीन कार्यों का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने तकनीकी अधिकारी व पार्षदों की उपस्थिति में निरीक्षण किया. इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा ने बताया कि खेड़ापति मार्ग वर्षो पुराना था जो कि काफी संकरा था. मार्ग संकरा होने के कारण आवागमन में परेशानी होती थी. ऐसी स्थिति में परिषद ने इसके चौड़ीकरण का निर्णय लिया जिसका कार्य प्रगति पर है. साथ ही रोड़ के दोनों ओर पाथवे का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर पेबर्स स्थापित होंगे.



मेवाड़ा ने बताया कि तालाब के सौंदर्यीकरण की दृष्टि से घाट का रेनोवेशन कार्य, डेकोरेटिव छतरी, घाट एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए तार की जाली का भी निर्माण होना है. मेवाड़ा ने अधिकारियों एवं पार्षदों के साथ छात्रावास से निकलने वाले गंदे नाले का भी निरीक्षण किया. उक्त गंदे पानी का स्थायी समाधान करने के लिए नपा द्वारा आरसीसी ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है. आरसीसी ड्रेन के निर्माण होने से जहां नागरिकों को गंदे पानी की समस्या से निजात मिलेगी, वहीं जल भराव जैसी समस्या से भी छुटकारा मिलेगा. इस अवसर पर मेवाड़ा के साथ नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद कमलेश जैन, रवि शर्मा, डॉ सलीम खान, सुभाष नामदेव, तारा कटारिया, तेजपाल कल्लू मुकाती, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, उपयंत्री अनिल धुर्वे, आशिक मंसूरी आदि मौजूद थे.

### कथा की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

**सीहोर.** कुबेरेश्वर धाम में आगामी फरवरी में शिव महापुराण कथा में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए कथा के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर बालागुरू के तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों को आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियां समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. व्यवस्था के लिए पर्याप्त अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए.